0117CH04



# 4. पत्ते ही पत्ते



त प ऐ

दीदी बोली –
मैं पाँच तक गिनूँगी।
गिनती शुरू करने से पहले
तुम लोग गोला बनाकर
बैठ जाओ।
एक... दो... तीन... चार...।



© NCERT not to be republished



पाँच बोलने से पहले ही
मैं दौड़ी और






धड़ाम से बैठ गई।
उधर दीदी ने गिनती पूरी
की और इधर हम सब गोला
बनाकर बैठ गए।



आज दीदी पत्ते लेकर आईं थीं।







कितने सारे पत्ते
तरह-तरह के पत्ते।






© NCERT not to be republished



हमने पत्तों को अच्छे से देखा।
कुछ पत्ते लंबे थे...
तो कुछ गोल थे।
एकदम गोल...
कुछ छोटे...
कुछ बड़े...










एक था लाल।



एक पत्ता पीला और
कत्थई रंग का था।



एक पत्ते पर नसें
दिख रही थीं।



एक पत्ता कतरीला था।



एक पत्ते का डंठल
एकदम सीधा था।



एक पत्ता झालर वाला था।



© NCERT not to be republished



हमने पत्तों को
छूकर देखा।




कोई पत्ता एक तरफ़
से मुलायम था



तो दूसरी तरफ़
से खुरदरा।

© NCERT
not to be republished



तो कुछ पत्ते बंदनवार
जैसे लग रहे थे।



## अब करने की बारी

**बगीचे में जाओ। पत्ते देखो। उन्हें हल्के से हाथ लगाओ। कैसा लगा? आपस में बातें करो।**

**अपने आसपास से तरह-तरह की पत्तियाँ इकट्ठी करो। इन पत्तियों को कागज़ पर चिपकाओ। नीचे दी गई जगह पर पत्तियों के चित्र भी बनाओ।**

© NCERT
not to be republished

- बच्चों से तरह-तरह के पत्ते इकट्ठा करने और चिपकाने को कहें। उनसे एक-दूसरे के लाए पत्ते देखने को कहें। पत्ते कहाँ से लाए गए, किसके पत्ते मिलते-जुलते हैं – इस पर बातचीत करें।



# पत्ते का पटाखा



## सामान

एक पत्ता

## बनाने का तरीका



- एक पत्ते को अपने हाथ की थोड़ी खुली मुट्ठी पर रखो।




- अब दूसरी हथेली से कसकर पत्ते पर वार करो।
- तुम्हें एक गुब्बारे के फटने जैसी आवाज़ सुनाई देगी।

© NCERT not to be republished


## जानो



- पत्ते को मारने की बजाय उसमें अपनी उँगली घुसाकर छेद बना दो। अब हाथ से वार करो। क्या पटाखे जैसी आवाज़ आई?




बच्चों से बातचीत करें– इस समय स्कूल में क्या हो रहा है? बच्चे क्या-क्या कर रहे हैं? स्कूल के बाहर कौन-कौन सी गाड़ियाँ हैं? बच्चे घर कैसे जा रहे हैं?




बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ।



ब श स ऊ

## घर कैसे जाओगी?

मैं ...................................... जाती हूँ।

**तुमने इनमें से किसकी सवारी की है? सही जगह पर हाँ ✔ या नहीं ✕ का निशान लगाओ।**

| सवारी | मैंने सवारी की है | मैंने सवारी नहीं की है |
|---|---|---|
| रिक्शा  | | |
| बस  | | |
| रेलगाड़ी  | | |
| बैलगाड़ी  | | |
| साइकिल  | | |
| ऊँट  | | |
| स्कूटर  | | |
| भैंस  | | |

© NCERT not to be republished

## तुम कैसे जाते हो?



1. दादी के घर – ..............................
2. सिनेमा देखने – ..............................
3. स्कूल – ..............................
4. हाट/बाज़ार – ..............................


## बताओ –


| सवारी |  टिकट लगेगा |  पैसा लगेगा |  मुफ़्त |
|---|---|---|---|
|  रेलगाड़ी | | | |
|  भैंस | | | |
|  रिक्शा | | | |
|  साइकिल | | | |
|  ऊँट | | | |
|  बैलगाड़ी | | | |
|  बस | | | |
|  गोदी | | | |

© NCERT not to be republished









• बच्चों से बातचीत करें – यदि तुम इस खेत से गुज़रो तो रास्ते में तुम्हें क्या-क्या देखने को मिलेगा?

# नीचे क्या? ऊपर क्या?

गन्ना ज़मीन के ऊपर उगता है और मूली नीचे।
सही जगह पर कुछ और चीज़ों के चित्र बनाओ।





© NCERT not to be republished

• बच्चों से ज़मीन के नीचे और ऊपर उगने वाली चीज़ों के नाम पूछें। ज़मीन के नीचे उगने वाली चीज़ों को ज़मीन के नीचे वाले हिस्से में और ऊपर उगने वाली चीज़ों को ऊपर वाले हिस्से में बनवाएँ।





# बूझो मेरा रंग



ख ध फ व





| लाल | हरा |
| --- | --- |
| ---------------------- | ---------------------- |
| ---------------------- | ---------------------- |
| ---------------------- | ---------------------- |

| बैंगनी | पीला |
| --- | --- |
| ---------------------- | ---------------------- |
| ---------------------- | ---------------------- |
| ---------------------- | ---------------------- |

| नीला | काला |
| --- | --- |
| ---------------------- | ---------------------- |
| ---------------------- | ---------------------- |
| ---------------------- | ---------------------- |



अदरक



बोड़ा



धनिया



धान (चावल)



टमाटर



गाजर




खीरा



पालक



प्याज़



आलू



बैंगन



मूँगफली



मकई

© NCERT not to be republished


- बच्चों से विभिन्न रंगों के नीचे उन रंगों वाली चीज़ों के नाम लिखने को कहें।








# हाट का खेल




© NCERT not to be republished




© NCERT not to be republished

बच्चों से बातचीत करें। पासा बच्चों से बनवाएँ। माचिस की तीन खाली डिब्बियों को एक के ऊपर एक रखते हुए आपस में चिपका लें। उस पर रंगीन कागज़ चिपकाकर 6 तक गिनती लिखें। पासा तैयार है। इस खेल से बच्चों को देवनागरी के अंकों से परिचित करवाया जा सकता है।

